सार-समाचार

## लोक अदालत में मामलों का निस्तारण

**कोटा**, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा सत्यनारायण व्यास की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में रविवार को इस वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय पर संबंधित न्यायालयों एवं एडीआर सेन्टर कोटा में किया गया, राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों, विभिन्न न्यायालयों एवं राजस्व विवाद, उपभोक्ता विवाद,एवं अन्य अधिकरणो आयोग/मंचो/आथोरिटी/आयुक्त, प्राधिकारियों के क्षेत्राधिकार से सबंधित लम्बित प्रकरणों हेतु कोटा मुख्यालय पर 10 बैंचों का गठन किया गया। कोटा मुख्यालय पर विभिन्न बैंकों तथा वित्तीय बैंकिंग संस्थाओं के ऋण वसूली से संबंधित तथा बिजली विभाग, बीएसएनएल आदि के बकाया बिलों के वसूली मामलों आदि प्रीलिटिगेशन के प्रकरणों को आपसी समझाईश से निस्तारण हेतु रखे गये। उक्त मामलों में पूर्व से ही इस कार्यालय से पक्षकारों को उपस्थिति हेतु नोटिस जारी किए गए थे तथा ए.डी.आर. सेन्टर में पैनल अधिवक्तागण द्वारा नियमित रूप से पक्षकारान् की प्रि-काउन्सलिंग की गयी और आपसी समझाईश एवं सहमति से प्रकरण निस्तारण के प्रयास किए गए जिस पर अनेको पक्षकारों द्वारा लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरणों का निस्तारण कराने हेतु ए.डी.आर. सेन्टर जिला न्यायालय परिसर पर उपस्थित होकर अपने प्रकरणों को निस्तारित करवाने का प्रयास किया गया तथा विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों हेतु पक्षकारों की आपसी समझाईश लोक अदालत हेतु गठित विभिन्न बैंचों के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में कोटा जिले में लंबित प्रकरणों के कुल 49,655 प्रकरण एवं राजस्व प्रकरणो सहित प्री-लिटीगेशन के 53,400 मामले निस्तारित किए गए। इस प्रकार कुल 1,03,055 मामले निस्तारित किए गए।

## भारत विकास परिषद का नेत्र शिविर संपन्न

**रामगंजमण्डी**,(निसं)। शहर में भारत विकास परिषद का प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष में लगने वाला ऐतिहासिक नेत्र शल्य एवं चिकित्सा शिविर रविवार को संपन्न हुआ। इस वर्ष शिविर प्रायोजक सुरेश कुमार, सिद्धार्थ कुमार बाबरिया (दौतड़ा वाले) द्वारा स्व.पूज्य पिता कस्तूरचंदव स्व.माताश्री धापू बाईजी बाबरिया की स्मृति में लगाया गया। इस शिविर में 683 मरीजों की ओपीडी रही। जिसमें सभी का उत्साह व विश्वास देखते ही बन रहा था। वहीं 106 वर्षीय बुजुर्ग माताजी नारायणी बाई भी अपनी आंखों की जांच करवाने शिविर में पँहुची। शिविर में आए सभी 683 मरीजों की आंखों की जांच कोटा भारत विकास परिषद के नेत्र विशेषज्ञ डॉ.राहुल गर्ग व उनकी सहयोगी टीम द्वारा की गई। जिसमें मोतियाबिंद के 256 व नाखूना के 11 कुल 267 रोगियों को ऑपरेशन योग्य पाये जाने पर चयनित किया। जिसमें से आज लगभग 80 मरीजों को ऑपरेशन के लिए कोटा भारत विकास परिषद कोटा की बस द्वारा रवाना करवाया शिविर के शेष ऑपरेशन 3 दिन में संपूर्ण होंगे। परिषद के संजय पतीरा व सुनील जैन ने बताया कि भारत विकास परिषद प्रतिवर्ष नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर करवाता है इस वर्ष का यह नेत्र चिकित्सा शिविर ऐतिहासिक रहा। जबकि विगत 6 दिन में रामगंजमंडी क्षेत्र में दो नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित हो चुके हैं उसके बावजूद भारत विकास परिषद के ऊपर इस क्षेत्रवासियों के विश्वास को दर्शाता है। जिसके कारण ही इतने मरीजों का ओपीडी होना व ऑपरेशन के लिए भारत विकास परिषद को ही चयन करना परिषद के प्रति हृदय से विश्वास प्रदर्शित करता है। आगामी 3 वर्ष के गुप्त प्रयोजको ने अपने द्वारा शिविर लगाने की स्वीकृति प्रदान की है।

# 'महिला की गरिमा सर्वोपरि, हर स्तर पर मिलेगा न्याय का संबल'

- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से जुड़े मामलों में समाज कल्याण विभाग के माध्यम से शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए।
- 'पारिवारिक विवादों में प्रशिक्षित प्रोफेशनल काउंसलिंग के माध्यम से सुलह के प्रयास किए जाएं'

**कोटा**, (निसं)। महिलाओं की समस्याओं को उनके अपने क्षेत्र में सुनने और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा ''राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार'' अभियान के तहत कोटा संभाग में कोटा विकास प्राधिकरण के सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई की अध्यक्षता आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने की। इस अवसर पर लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा तथा भाजपा जिला शहर अध्यक्ष राकेश जैन सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि कई बार महिलाएं सामाजिक, पारिवारिक अथवा परिस्थितिजन्य कारणों से अपनी परेशानियां खुलकर सामने नहीं रख पाती हैं और दिल्ली जाकर आयोग तक पहुंचना उनके लिए कठिन हो जाता है। इसी संवेदनशीलता को समझते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा यह पहल की गई है, जिसके अंतर्गत आयोग स्वयं संभाग एवं जिला स्तर पर पहुंचकर जनसुनवाई कर रहा है, ताकि महिलाओं को उनके क्षेत्र में ही न्याय, मार्गदर्शन और संरक्षण का भरोसा मिल सके। उन्होंने बताया कि मार्च माह से देशभर में इस अभियान की शुरुआत की गई थी और दिसंबर माह तक जनसुनवाई का शतक पूरा होने जा रहा है। यह अभियान महिलाओं को समाज में सम्मान के साथ सशक्त बनाने, उन्हें आत्मविश्वास देने और हर परिस्थिति में संबल प्रदान करने की दिशा में पूर्ण निष्ठा के साथ संचालित किया जा रहा है। जनसुनवाई में कोटा सहित बारां, बूंदी एवं झालावाड़ जिलों से आई महिलाओं के परिवाद सुने गए। घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, महिला की गरिमा से जुड़े अपराधों सहित अनेक संवेदनशील प्रकरण सामने आए। प्रत्येक परिवाद की गंभीरता को देखते हुए संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित किया गया कि वे जांच प्रक्रिया में तत्परता, निष्पक्षता और संवेदनशीलता बरतें तथा पीड़ित महिलाओं को किसी भी स्तर पर असहज स्थिति का सामना न करना पड़े। जनसुनवाई के दौरान एक ऐसा प्रकरण भी सामने आया, जिसमें परिवादी एक हत्या के मामले की गवाह है।

उस मामले में अभियुक्त जमानत पर है तथा परिवादी को अभियुक्त द्वारा लगातार धमकियां दी जा रही थीं। इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए आयोग द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारी को अभियुक्त की जमानत निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए गऐं। जनसुनवाई में प्राप्त वॉक-इन परिवादों को आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस एवं जिला प्रशासन सहित संबंधित विभागों को अग्रेषित किया गया। आयोग की अध्यक्ष ने पुलिस एवं प्रशासन को पाबंद किया कि हर प्रकरण में महिला की गरिमा, भावना और सुरक्षा सर्वोपरि रखी जाए। जहां आवश्यक हो वहां गवाहों को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, गंभीर मामलों में अभियुक्त की जमानत के विरोध में सशक्त रूप से न्यायालय में पैरवी की जाए तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से जुड़े मामलों में समाज कल्याण विभाग के माध्यम से शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए। पारिवारिक विवादों में प्रशिक्षित प्रोफेशनल काउंसलिंग के माध्यम से सुलह के प्रयास किए जाएं और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सहायता से काउंसलिंग उपलब्ध कराई जाए। कार्यस्थल पर उत्पीड़न से जुड़े मामलों में संबंधित संस्थानों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि दोषियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की जाऐं। जनसुनवाई में कहा गया कि परिवाद दर्ज होने के बाद अनावश्यक देरी न हो तथा पीड़ित महिलाओं को कानूनी प्रक्रिया की समुचित जानकारी सरल और संवेदनशील भाषा में दी जाए।

## हर-हर झूले घर-घर झूले

**कोटा**, (निसं)। चंद्र दर्शन के मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत नयापुरा नदी पार कुन्हाड़ी क्षेत्र कोटा द्वारा चंद्र दर्शन पर भगवान श्री झूलेलाल साईं की ज्योत बहराणा साहिब तैयार कर समिति द्वारा भजन कीर्तन, आरती, पल्लव किया गया। इस मौके पर भगवान श्री झूलेलाल साहिब की मूर्ति का अनावरण भी किया गया। समिति के अध्यक्ष दिलीप माखीजा ने बताया कि पूज्य सिंधी पंचायत नयापुरा नदी पार कुन्हाड़ी क्षेत्र कोटा में भगवान श्री झूलेलाल साईं जी की मूर्तिया बनवाई गई है जो कि समाज द्वारा हर घर तक पहुंचाने का प्रयास रहेगा। इसी मौके पर पूज्य पंचायत द्वारा श्री झूलेलाल मंदिर रामतलाई मैदान कोटा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बसंत वलेचा एवं हरीश पंजवानी व मुरलीधर अलरेजा व समस्त कार्यकारणी का स्वागत किया गया। इस मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत कुन्हाड़ी क्षेत्र से घनश्याम मुंशी, विष्णु आसवानी, विजय चावला आदि मौजूद रहे।

# समझाश व सुलह से 3280 प्रकरणों का निस्तारण

**रामगंजमण्डी**,(निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 21 दिसम्बर रविवार को प्रि-लिटिगेशन, राजस्व एवं राजीनामा योग्य लम्बित प्रकरणों के समझाईश से निस्तारण हेतु अपर जिला एवं सेशन न्यायालय रामगंजमण्डी एवं अति० मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामगंजमण्डी की दो बैंच गठित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

उक्त लोक अदालत के माध्यम से अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रामगंजमण्डी शैलेष जडिया द्वारा कुल 23 लंबित एवं 397 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिसमें से 5 एम.ए.सी.टी. प्रकरणों में 31,00,000/- रूपये की क्षतिपूर्ति राशि के अवार्ड जारी किए गए। विभिन्न बैंकों एवं फाइनेंस कम्पनियों के लोन वसूली एवं बिजली विभाग के बकाया बिलों संबधित प्रिलिटीगेशन के 397 प्रकरण का राजीनामे से निस्तारण किया गया। जिनमें लगभग 56 लाख रूपये वसूल हुए। पारिवारिक मामलों से संबंधित कुल 2 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार शैलेष जड़िया की बैंच द्वारा कुल 420 प्रकरणों का निस्तारण इस लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इसके अलावा अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामगंजमण्डी सुमन मीणा की एसीजेएम कोर्ट, एमजेएम कोर्ट व ग्राम न्यायालय खैराबाद की संयुक्त बैंच द्वारा एसीजेएम कोर्ट के 857 प्रकरण, एम.जे.एम. कोर्ट के 1985 प्रकरण एवं ग्राम न्यायालय खैराबाद के 18 प्रकरणों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया गया।

जिनमें कुल 35,85,500 रूपये की वसूली विभिन्न प्रकरणों में की गयी। साथ ही शैलेष जड़िया द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामे से प्रकरण निस्तारित होने आपसी प्रेम भाईचारा बना रहता है और विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया रामगंजमण्डी, एसबीआई कुदायला, एसबीआई खैराबाद, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, विभिन्न फाइनेंस कंपनियों के शाखा प्रबंधकों जेवीवीएनएल रामगंजमण्डी, चेचट और सुकेत के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित अरूण सक्सेना अधिवक्ता बीमा कम्पनी, पैनल अधिवक्ता जीनत अमान और अंजली भार्गव द्वारा सराहनीय योगदान दिया गया।

अंत में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति रामगंजमण्डी शैलेष जडिया द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सार-समाचार

## वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का समापन

**कोटा**, (निसं)। कोटा जिला वेटलिफ्टिंग संघ द्वारा रघुराई स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का भव्य रूप से समापन किया गया, विजेताओं को पदक व प्रशस्ति पत्र सौंपे गए। इस प्रतियोगिता में गंगानगर, बीकानेर, जयपुर ने अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किए। समापन समारोह में अतिथि के रूप में सीनियर खिलाड़ी व कोटा जिला वेटलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष जसपाल सिंह आहलूवालिया, सचिव राजकुमार आसोपा, आशिमा गोयल रहे। इस अवसर पर आहलूवालिया ने कहा कि इस प्रतियोगिता से कई उम्मीद जगी है। पहली बार इस तरह का सफल आयोजन कोटा के खेल को भी आगे ले जाएगा और प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर मिलेगा, हमारा पूरा प्रयास रहेगा की कोटा के खिलाड़ी आगे बढ़े। राजकुमार आसोपा ने कहा कि वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा से अपने जिले को सिरमौर बनाया। कई युवा खिलाड़ियों को यहां काफी सीखने को मिला। राजस्थान वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव रवि शर्मा ने बताया कि सब जुनियर 56 केजी में नरेश (हनुमानगढ़) ने गोल्ड मेडल जीता वहीं प्रियांशी झावा (जोधपुर) ने रजत पदक प्राप्त किया। इसी तरह सब जुनियर 71 केजी में मशीष (हनुमानगढ़) ने गोल्ड जीता, कोशल ने रजत पदक प्राप्त किया। 88केजी में अजय शर्मा ने गोल्ड जीता, सीनियर 60 केजी में रुपेश सैनी (जालौर) ने गोल्ड मेडल जीता, 71 केजी में बंसीलाल (हनुमानगढ़) ने गोल्ड जीता। इसके साथ ही अन्य केटेगिरी में भी विजेताओं को नवाजा गया। इस सफल आयोजन की सभी ने सराहना की। इस सफल आयोजन में उपाध्यक्ष शलभ विजय, नमन जैन, सचिव राजकुमार आसोपा, सह सचिव अनिकेत जैन एवं वाजिद अली मंसूरी, कोषाध्यक्ष शालिनी जोशी तथा सदस्य आशिमा गोयल, राज सिंह और मीना सुमन सहित अन्य पदाधिकारियों की विशेष भूमिका रही।

## पर्यावरण प्रेमियों ने रैली निकाली

**कोटा**, (निसं)। अरावली विरासत बचाओ जन अभियान के तहत रविवार को प्रकृति एवं पर्यावरण प्रेमी नागरिकों ने चम्बल संसद, कौशिक गायत्री परिवार आश्रम बोरखेड़ा, पर्यावरण गतिविधियां, जल बिरादरी, लोक अधिकार मंच, कोटा एनवायरनमेंटल सेनीटेशन सोसायटी,बाघ-चीता मित्र, सोसायटी सेन ईव शी इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट,इंटेक, वरिष्ठ जन कल्याण समिति,वुमेन्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन आदि सहयोगी संस्थाओं के आव्हान पर किशोर सागर तालाब बाराद्वारी से छत्र विलास उद्यान में रैली निकाली और जन समर्थन हासिल किया। शाहबाद घाटी जंगल बचाओ संघर्ष समिति के संरक्षक एडवोकेट प्रशांत पाटनी, इंटेक बारां चेप्टर के कंवीनर जितेन्द्र शर्मा ने भी कोटा पहुंच कर अभियान को समर्थन दिया। इस अभियान में सर्वोत्तम न्यायालय द्वारा अरावली पर्वतमाला पर दिए गए निर्णय में जो पहाड़ों की परिभाषा तय की है उससे 100 मीटर से नीचे की पहाड़ियों को पहाड़ ही नहीं माना जाएगा। इस निर्णय से राजस्थान में रेगिस्तान का विस्तार होगा और पहाड़ों, नदियों, जंगलों की बर्बादी का रास्ता खुलेगा। जिससे जलवायु परिवर्तन की विभिषिका से राजस्थान ही नहीं समूचा उत्तर भारत प्रभावित होगा। नदियां खत्म हो जाएंगी और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था चौपट हो जाएगी और बीमारियां बढ़ेंगी। संरक्षक यज्ञदत्त हाडा, संयोजक बृजेश विजयवर्गीय, प्रोफेसर डॉक्टर अरुण शर्मा, एडवोकेट कल्पना शर्मा, डॉ. निधि प्रजापति छात्रों, महिलाओं युवाओं समेत सैकड़ों लोगों ने तालाब की पाल सीवी गार्डन में अरावली बचाने को लेकर जन संपर्क किया। हाड़ा एवं विजयवर्गीय ने बताया कि अभियान के तहत सोमवार को दोपहर 3 बजे राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

## आरक्षण चार्ट अब 10 घंटे पहले

**कोटा**, (निसं)। यात्रियों को आरक्षण की स्थिति की समय रहते सटीक जानकारी उपलब्ध कराने तथा दूर-दराज से यात्रा करने वाले यात्रियों की असमंजस की स्थिति को कम करने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड ने पहली आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा सभी जोनल रेलवे को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि जिन ट्रेनों का प्रस्थान समय प्रात: 05.01 बजे से दोपहर 14.00 बजे के मध्य होता है, उनकी पहली आरक्षण चार्ट अब प्राथमिकता के आधार पर पिछले दिन रात्रि 20.00 बजे तक तैयार की जाएगी।

## ऊर्जा मंत्री ने दिखाई रन फॉर विकसित राजस्थान हरी झंडी

**कोटा**, (निसं)। राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को जिला स्तरीय ''रन फॉर विकसित राजस्थान'' को रविवार प्रात: 9.30 बजे उम्मेद सिंह स्टेडियम से ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा एवं लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रन उम्मेदसिंह स्टेडियम से शुरू होकर आर्मी सर्किल, जेल रोड, सीबी गार्डन होते हुए पुन: स्टेडियम आकर सम्पन्न हुई। ऊर्जा मंत्री नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पहली बार राज्य सरकार के 2 वर्ष के कार्यो को लेकर जनता को हिसाब देने का कार्य प्रांरभ किया गया है। राज्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए 200 विधानसभा क्षेत्रों में विकास रथ गांव और शहरों में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल आयोजित राइजिंग राजस्थान समिट में 35 लाख करोड़ रूपये के एमओयू हुए थे जिनमें से 8 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं। सर्वाधिक 6 लाख करोड़ रूपये के एमओयू ऊर्जा विभाग के धरातल पर उतरे हैं। कार्यक्रम को कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा एवं लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने भी सम्बोधित किया और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को (नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
**मुकदमा नम्बर 160/2025**

चूंकि श्री मोहित साह पुत्र श्री अनिल कुमार साह मयुर सिनेमा, मोहन कुटिर, अग्रसेन सर्किल नयापुरा, कोटा अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास श्री मोहनलाल सांधी मेमोरियल धर्मशाला ट्रस्ट नयापुरा कोटा राजस्थान में प्रन्यासियों के परिवर्तन को प्रन्यास में दर्ज अभिलेख करने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र संख्या 8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 18.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 23.01.2026 है।

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग कोटा**

## आर्य समाज का वार्षिकोत्सव संपन्न

**कोटा**, (निसं)। आर्य समाज तलवंडी का दो दिवसीय 48वां वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आर्य समाज तलवंडी के प्रधान भैरोलाल शर्मा ने बताया कि 20 और 21 दिसंबर को आर्य संन्यासी स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस के अवसर पर आर्य समाज तलवंडी का 48वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिक उत्सव पर प्रयागराज से पधारे हुए वैदिक विद्वान आचार्य अशफीर्लाल ने वैदिक सिद्धांतों की विस्तृत व्याख्या की और मानव जीवन को उन्नत बनाने पर विचार प्रकट किया। कार्यक्रम संयोजक मनु सक्सेना ने बताया कि इस अवसर पर चित्रकूट मध्यप्रदेश से पधारे हुए आर्य भजन उपदेशक मुकेश शास्त्री ने सुमधुर वैदिक भजन प्रस्तुत किए, समाज के कोषाध्यक्ष वीरेश आर्य ने बताया कि इस अवसर पर वैदिक विद्वान अग्निमित्र शास्त्री और डी.ए.वी धर्म शिक्षक आचार्य शोभाराम ने विचार प्रकट किए।

# महिला समूहों को बैंकों द्वारा प्राथमिकता से ऋण दिए जाएं : विजया रहाटकर

- राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा है कि महिला सुरक्षा, उनके आत्मसम्मान और उनकी सामाजिक भागीदारी के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रभावी कार्य किया जाए

**कोटा**, (निसं)। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा है कि महिला सुरक्षा, उनके आत्मसम्मान और उनकी सामाजिक भागीदारी के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से प्रभावी कार्य किया जाए। कार्य स्थलों पर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो और सरकारी योजनाओं में उन्हें बढ़-चढ़कर भागीदारी के अवसर सुलभ हों। महिला आयोग अध्यक्ष रविवार को जिला परिषद सभागार में कोटा संभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में संभाग में महिला केंद्रित योजनाओं की समीक्षाकर रही थीं।

महिला आयोग अध्यक्ष ने कहा कि महिलाएं सुरक्षित वातावरण में गरिमा और सम्मान के साथ स्वावलंबी बनकर सामाजिक भागीदारी निभा सकें, इसके लिए कार्य स्थलों पर नियमानुसार आंतरिक समितियों का गठन सुनिश्चित किया जाए। असंगठित क्षेत्र की महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमानुसार लोकल कमेटी का गठन कर इसके बारे में जागरूक किया जाए ताकि जरूरतमंद महिलाएं निर्भीक होकर शिकायत कर सकें। इन कमेटियों का गठन एक माह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा, क्रूरता,यौन हिंसा, मानव तस्करी, साइबर क्राईम जैसे मामलों में प्रशासन और पुलिस समन्वय के साथ प्रभावी कार्य करें। वन स्टॉप सेंटर में काउंसलिंग व्यवस्था गुणवत्तापूर्ण रहे और जिला प्रशासन का उसमें दखल रहे। लिंगानुपात में सुधार, किशोरी और महिला स्वास्थ्य के लिए भी जिला प्रशासन स्तर पर प्रभावी कार्य किया जाए। समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर महिला स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरती जाऐं।

स्वयं सहायता समूहों के कार्यो की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि महिला समूहों को बैंकों द्वारा प्राथमिकता से ऋण दिए जाएं। पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प आदि क्षेत्रों में महिलाओं को बढ़ावा दिया जाए और उत्पादों को जीआई टैग दिलाने के प्रयास हों। हर तीन माह में संबंधित विभागों की समीक्षा कर विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों के क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। आयोग अध्यक्ष ने विवाह पूर्व संवाद केंद्र 'तेरे मेरे सपने' की संभाग के चारों जिलों जिलों में स्थापना और प्रभावी संचालन के निर्देश दिऐं। साथ ही, घरेलू हिंसा एवं अन्य मामलों में प्रोटेक्शन ऑफिसर तथा नोडल ऑफिसर की नियुक्ति के लिए राज्य स्तर पर संवाद स्थापित करने की आवश्यकता जताई।

महिला आयोग अध्यक्ष ने कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में महिलाओं की सहभागिता और महिला सुरक्षा एवं सहायता की स्थितियों की प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी लेते हुए समीक्षा की। राष्ट्रीय महिला आयोग की कानूनी परामर्शदाता अंजना शर्मा भी उपस्थित रहीं।

संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने महिला आयोग अध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि उनके मार्गदर्शन अनुसार संभाग के चारों जिलों में महिला केंद्रित योजनाओं एवं कार्यों की प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करते हुए महिला सुरक्षा एवं सम्मान की दिशा में श्रेष्ठ कार्य किया जाएगा। बैठक में जिला कलक्टर कोटा पीयूष समारिया ने कोटा में एनयूएलएम, राजीविका, लखपति दीदी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी।

राजस्थान सरकार
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन
**नोटिस**
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर : 156/2025

चूंकि श्री यशवन्त सिंह डड्डा पुत्र श्री नेमीचन्द, लालचन्द आदर्श विद्या मन्दिर के पास, पचपहाड़ मार्ग, भवानीमण्डी, तहसील भवानीमण्डी, जिला झालावाड़ द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास "श्री जैन श्वेताम्बर चिन्तामणी पार्श्वनाथ मन्दिर" भवानीमण्डी, जिला झालावाड़ में प्रन्यासियों के परिवर्तन को प्रन्यास में दर्ज अभिलेख करने हेतु जांच किये जाने के लिये प्रपत्र संख्या 8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 18.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 23.01.2026 है।

सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग कोटा


राजस्थान सरकार

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

झालावाड़ जिले में ₹339 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

मुख्य अतिथि
श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

शिलान्यास

- ₹9.40 करोड़ से धतुरिया (डग), ओसाव (सुनेल) एवं बकानी-।। में 33/11 केवी सब-स्टेशन
- ₹3 करोड़ से पीएम कुसुम - ए के तहत सीमल खेड़ी, खानपुर तथा पिपलिया में सौर ऊर्जा संयत्र
- 23 करोड़ से 132 केवी जीएसएस गुराडिया कला एवं लाइनों का निर्माण कार्य
- ₹4 करोड़ से बासोंदिया, चूना भट्टी, अलोदा एवं उमरिया में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय निर्माण
- ₹137 करोड़ के सड़क विकास के कार्य
- ₹26.52 करोड़ से डग, खानपुर एवं मनोहरथाना में मल अपशिष्ट शोधन संयंत्र का निर्माण
- ₹99 लाख से उमरिया ग्राम के तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य
- ₹9.90 करोड़ से कोहाधिझार एवं नानगरदा में एमएसटी का निर्माण
- ₹22 करोड़ से गोरेश्वर महादेव एनीकट एवं किशननगर एनीकट का निर्माण
- ₹4.80 करोड़ से पुलिस लाइन में 100 महिला क्षमता की बैरिक निर्माण

लोकार्पण

₹78.42 करोड़ के सड़क विकास के कार्य | ₹5 करोड़ से पिड़ावा में 10 केएलडी क्षमता के मल अपशिष्ट शोधन संयत्र का निर्माण | ₹41 लाख से गुराडिया कला तथा गुराडिया आवर में नवीन नर्सरी | ₹19 लाख से अभियोजन कार्यालय चौमहला का भवन निर्माण

₹14 करोड़ से पीएम कुसुम - सी के तहत सुनेल में 4.06 मेगावाट सोलर संयंत्र की स्थापना

झालावाड़ जिले में विगत 2 वर्षों में अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियां

- युवाओं को 1,122 नियमित 442 संविदा नियुक्तियां
- प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत 85,600 किसानो को ₹14 करोड़ के बीमा क्लेम
- 4,030 कृषि कनेक्शन जारी
- 28,462 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित
- 742 पी.एम. किसान समृद्धि केन्द्र स्थापित
- मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना में 19.65 करोड़ रुपए की सब्सिडी
- 717 गांव ओ.डी.एफ. प्लस घोषित
- एन्टी रोमियो स्क्वाड का गठन
- 17,779 स्वामित्व कार्ड जारी
- 74,544 महिलायें लखपति दीदीयां
- 1,799,33 उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में ₹1316.40 करोड़ का अनुदान
- प्रधानमंत्री आवास योजना में 1,503 लाभार्थियों को ₹15.85 करोड़ की सहायता
- लाडो प्रोत्साहन योजना में 15,906 बालिकाओं को ₹13.83 करोड़
- सुनेल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सैटेलाइट चिकित्सालय में क्रमोन्नत

22 दिसम्बर, 2025 | अपराह्न 12:00 बजे | दुधालिया, डग (झालावाड़)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद